भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

मौखिक प्रश्न सं. *116

सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**मध्य प्रदेश और जम्मू में पर्यटन परियोजनाएँ**

***116. श्रीमती रीती पाठक:**

**श्री जुगल किशोर शर्मा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश और जम्मू में कई प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं;

(ख) क्या मध्य प्रदेश और जम्मू में ''स्वदेश दर्शन'' योजना के अंतर्गत किन्ही परियोजनाओं की योजना बनाई गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*******

मध्य प्रदेश और जम्मू में पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *116 के जिसका उत्तर 06.12.2021 को दिया जाना है के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क): जी, हां। मध्य प्रदेश और जम्मू में कई प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों आदि को निधियाँ प्रदान करता है। इस योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने पहले ही मध्य प्रदेश राज्य में 4 परियोजनाओं और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के क्षेत्रों को कवर करने वाली 6 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **मध्य प्रदेश** | | | | | |
| 1. | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.22 | 81.15 |
| 2. | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 69.08 |
| 3. | विरासत परिपथ | 2016-17 | ग्वालियर का विकास- ओरछा-खजुराहो-चंदेरी-भीमबेटका-मांडू | 89.82 | 85.33 |
| 4. | इको परिपथ | 2017-18 | गांधीसागर बांध, मंडलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेडा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी- का विकास | 94.61 | 79.7 |
| | | | **कुल** | **350.67** | **315.26** |
| **यू टी जम्मू और कश्मीर, लद्दाख** | | | | | |
| 1 | हिमालयन परिपथ | 2016-17 | जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का एकीकृत विकास | 77.33 | 60.47 |
| 2 | हिमालयन परिपथ | 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास। | 84.46 | 67.35 |
| 3 | हिमालयन | 2016-17 | पर्यटन सुविधाओं का एकीकृत विकास - | 90.43 | 74.7 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | परिपथ | | पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट परिसम्पत्तियों के बदले संपत्ति का निर्माण | | |
| 4 | हिमालयन परिपथ | 2016-17 | मंतलाई और सुधामहादेव में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 90.85 | 75.11 |
| 5 | हिमालयन परिपथ | 2016-17 | अनंतनाग-किश्वर-पहलगाम-दक्सुम-रंजीतसागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 87.44 | 69.95 |
| 6 | हिमालयन परिपथ | 2016-17 | गुलमर्ग-बारामूला-कुपवाड़ा-कारगिल-लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 | 48.46 |
| | | | **कुल** | **522.35** | **396.04** |

*******